Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding heavy loss due to rainfall in Jalaun Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र जालौन में जालौन, गरौठा, भोगनीपुर के अन्तर्गत, जो विशेष तौर से बुंदेलखण्ड के अन्तर्गत आता है, वहां भारी बारिश के कारण जो कच्चे एवं कमजोर मकान थे, वे गिर गए हैं। वहां हजारों एकड़ फसल के जलमग्न होने के कारण खरीफ की फसल नष्ट हो गयी है। वहां कई सड़कें उखड़ चुकी हैं, जिससे वहां का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहां बारिश अभी भी हो रही है।

माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जिन गरीबों के मकान गिर गए हैं, 'प्रधान मंत्री आवास योजना' के नियमों में शिथिलता बरतते हुए उसके अन्तर्गत उन गरीबों के मकान बनवाए जाएं। साथ ही साथ, जिन किसानों की खरीफ की फसल, जैसे ज्वार, बाजरा, तिल और मूंग जैसी फसलें, नष्ट हो गयी हैं, उसका सर्वे करा कर उन्हें आर्थिक सहायता दी जाए।

धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

डॉ. मनोज राजोरिया को श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।